Regarding the need to build a Spice Park in Unjat of Mahesara Parliamentary Constituency

श्री हरीभाई पटेल **(महेसाणा)** : धन्यवाद सभापति महोदया, माननीय प्रधान मंत्री जी ने किसानों की आय दो गुनी करने का आह्वान किया है और इसे सार्थक बनाने के लिए भारत सरकार के कृषि विभाग ने अनेक योजनाएं कार्यान्वित की हैं । इससे अच्छे परिणाम मिल रहे हैं । महेसाणा जिला व उत्तर गुजरात के किसान, उद्यमी और साहसी हैं । गुजरात राज्य मसाले की फसलों के लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है, जिसमें गुजरात का बहुत बड़ा योगदान है । आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे महेसाणा लोक सभा क्षेत्र के उन्जाट में एक मसाला पार्क का निर्माण कराया जाए, जिससे समस्त मसाला करोबारियों और सभी किसान भाइयों को पूर्ण लाभ मिल सके । किसानों के व्यापक हित में इस संबंध में उचित निर्णय लेकर उसे कार्यान्वित करें, ताकि इस क्षेत्र के किसानों को अपनी आय में वृद्धि करके अधिकतम लाभ मिल सके । धन्यवाद ।